**खबर संक्षेप**

## यज्ञ स्थल पर मनाई गई गीता जयंती

**मण्डला।** शनिवार को गीता जयंती के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। धर्मगुरू पं नीलू महाराज के विशेष प्रयास से गीता जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रामकृष्ण सेवा आश्रम देवदरा के संत शारदात्मक जी महाराज, सूर्य मंदिर नावघाट के संत सच्चिदानंद जी महाराज, वृदांवन से आए रामानंद जी महाराज, भागवत आचार्य सुरेश मिश्रा की विशेष उपस्थिति पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। यहां पर जेसोबा के अध्यक्ष एके शुक्ला एवं समाजसेवी नीरज अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को गीता के विषय में प्रश्न पूछते हुए श्लोक प्रतियोगिता आयोजित की गई यहां पर महर्षि विद्या मंदिर से आस्था साहू, खुशी उईके, सृष्टि सारथी व सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय से रिया सिंगौर, कृति साहू, आदित्य संत आए तो वहीं शासकीय हाई स्कूल गाजीपुर से महक पटैल, रूचि ओंकरे, रिया यादव ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। छात्रो ने गीता के अनेक श्लोको का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सभी छात्रों को सम्मान पत्र के साथ नगद राशि पं. नीलू महाराज द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर शिक्षक प्रमोद कुमार शुक्ल, डॉ स्वल्पा बडग़ैया, श्रीमति अपर्ण झा, समाजसेवी किशोर रजक, ओमप्रकाश धमेचा, आलोक पाठक एवं एके शुक्ला का मंच से सम्मान भी किया गया। बता दें कि देवदरा के मेहरा बाबा कुटी प्रागंण में श्रीअष्ट लक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् महाभागवत पुराण का आयोजन किया गया जा रहा है जिसका समापन 25 दिसंबर को होगा। यहां पर संगीतमय भागवत पुराण की जा रही है जहां पर दूर-दूर से भक्तगण कथा सुनने आ रहे हैं।

### साधू संतों ने किया वृक्षारोपण और फर्जी हाजिरी लग गई चहेतों की

# 25 लाख के सरोवर में 25 लीटर पानी भी नहीं





*** सच्चाई उजागर होने पर की साधू-संतों के साथ गाली-गलौंच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

*त्रि-स्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में भ्रष्टाचार, निर्माण कार्यो में अनियमित्ता एवं वित्तीय लेन-देन में हेर-फेर लगातार जारी है लेकिन दुर्भाग्य यह कि हमारे ज्ञानी वरिष्ठ अधिकारियों को इस बात की जानकारी तब लगती है जब पंचायत के ही लोग उन्हें इससे अवगत कराते है या प्रमाण के साथ शिकायत करते हैं।*

जिला मुख्यालय में प्रत्येक सप्ताह कम से कम दो ऐसी बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित होती हैं जिसमें सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहते हैं शासन की विभिन्न योजनाओं के बारे में, इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हितग्राहियों को लेकर एवं अन्य निर्माण कार्यो की प्रगति पर समीक्षायें की जाती हैं बावजूद इसके निर्माण कार्यो में हो रही अनियमित्ताओं की कोई जानकारी इन बैठकों में अधिकारियों द्वारा दी जाती हो या अनियमित्ताओं को सार्वजनिक किया जाता हो ऐसा कोई उदाहरण नजर नहीं आता।

आखिर ये वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्रों की जानकारी से अवगत क्यों नहीं हो पाते जबकि आज के इस डिजीटल युग में बैठे-बैठे भी दुनिया जहां की जानकारी से अवगत हुआ जा सकता है। इससे साबित होता है कि या तो ये अधिकारी जानबूझकर इन अनियमित्ताओं की अनदेखी करते हैं या फिर इस तरह के खुले भ्रष्टाचार में इनकी भी मिलीभगत होती है।

### प्रधानमंत्री का सपना अमृत सरोवर

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक गांव में एक अमृत सरोवर की कल्पना की। नाम से ही स्पष्ट होता है कि सरोवर को अमृत का नाम दिया गया है इसका मतलब यह हम सभी के लिये जीवनदायक साबित होने वाला है। इन सरोवरों से न केवल भू-जल स्तर में वृद्धि होगी बल्कि गांव-देहात के मवेशियों की प्यास भी बुझेगी। आसपास की कृषि भी उन्नत होगी और पर्यावरण भी बेहतर होगा लेकिन यह तब होगा जब उस सरोवर में पानी का आस्तित्व कायम रहेगा।

हमारे जिले ने ऐसा कीर्तिमान भी स्थापित किया है कि 25 लाख का अमृत सरोवर तो बना दिया गया लेकिन उसमें 25 लीटर भी पानी नहीं है। अब विचारणीय बात यह कि 25 लाख रूपये की राशि आखिर खर्च किस लिये की गई और किसकी देख-रेख में यह खर्च किया गया इस निर्माण कार्य में किसकी-किसकी जिम्मेदारी तय की जायेगी और अब जबकि सरोवर में पानी ही नहीं है तो फिर इसक जिम्मेदार किसे माना जायेगा।

मण्डला जनपद की ग्राम पंचायत सिलपुरा में प्राप्त- जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में यहॉ प्रधानमंत्री अमृत सरोवर अभियान के तहत 25 लाख की लागत से अमृत सरोवर बनाया गया है जिसमें एक बूंद पानी नहीं है। कार्यस्थल पर पक्का सूचना बोर्ड तो लगा दिया गया है परन्तु कब काम प्रारम्भ हुआ, कितनी लागत राशि है, कब कार्य पूर्ण हुआ, कितना क्षेत्रफल है आदि कुछ भी जानकारी नहीं लिखी गई है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह अमृत राशि का बंटवारा कर प्रधानमंत्री की इस योजना का क्रियान्वयन किया गया है। संबंधित अधिकारी मीटिंग के साथ-साथ कभी-कभी ऐंसी चीटिंग भी देखने फील्ड में दौरा करें जिससे प्रधानमंत्री का सपना साकार हो सके।

### वृक्ष किसी ने लगाये और भुगतान किसी को

इसी ग्राम पंचायत में नर्मदा किनारे बुजबुजिया में संचालित आश्रम पर धर्मप्रेमी व परिक्रमावासियों का बसेरा रहता है और इस स्थान पर आश्रम से जुड़े लोगों के द्वारा वृक्षारोपण किया जाता है किन्तु उक्त वृक्षारोपण को देख ग्राम पंचायत द्वारा अपने चहेतों की मस्टर रोल में फर्जी हाजिरी डालकर राशि का आहरण कर लिया जाता है। इसके साथ ही यहां एक वर्ष से सार्वजनिक शौचालय आधूरा पड़ा हुआ है जिसकी पोल खुलते ही अब सरपंच द्वारा साधू संतों से गाली-गलौच करते हुए आश्रम से भगाने की बात कही जा रही है जिसकी शिकायत पीड़ितों द्वारा विगत दिवस महाराजपुर थाने में की गई है।

साधु-संतों के साथ इस तरह जिम्मेदार जनप्रतिनिधि के द्वारा की गई गाली-गलौंच ग्राम के पंचों एवं जिम्मेदार नागरिकों को नागवार गुजरी उन्हें बुरा लगा कि उनके ग्राम में साधु-संतों के साथ इस तरह दुर्व्यवहार किया गया यही कारण है कि लोगों ने इसकी शिकायत की।





## भीष्म द्विवेदी बने हॉकी मण्डला के अध्यक्ष

**मण्डला।** मण्डला जिले में हॉकी के पुराने गौरव को हासिल करने हॉकी मंडला का गठन किया गया है। केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, नगर पालिका परिषद मंडला के अध्यक्ष विनोद कछवाहा और मृदु - किशोर ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज की डायरेक्टर श्रीमती मृदुला काल्पीवार के संरक्षण में गठित हॉकी मंडला के अध्यक्ष पद का दायित्व भीष्म द्विवेदी को सौंपा गया है। पूर्व में मंडला जिले में जिला हॉकी संघ के नाम से समिति गठित थी लेकिन भारतीय हॉकी संघ द्वारा अपना नाम हॉकी इंडिया किए जाने के बाद मध्य प्रदेश हॉकी संघ की जगह हॉकी मध्य प्रदेश अस्तित्व में आया। इसी तर्ज पर सभी जिला इकाइयों को भी नए तरीके से गठित करने के निर्देश हॉकी मध्य प्रदेश द्वारा दिए गए थे। अब मध्य प्रदेश में जिला हॉकी संघों के स्थान पर केवल हॉकी और सम्बंधित जिले का नाम होगा। इसी लिहाज से मंडला में गठित हॉकी मंडला के पहले अध्यक्ष होने का गौरव भीष्म द्विवेदी को प्राप्त हुआ है। भीष्म द्विवेदी की अध्यक्षता में नव गठित हॉकी मंडला में एडवोकेट मनोज फागवानी उपाध्यक्ष, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी सैयद कमर अली सचिव, वेद प्रकाश कुलस्ते कोषाध्यक्ष और अब्दुल मतीन खान संयुक्त सचिव बनाए गए है। हॉकी मंडला में अब्दुल मुकीम कुरैशी, रमेश कुमार सोनी, श्रीमती मिली सिंह, शक्ति क्षेतीजा, सैयद जावेद अली, सुश्री शशि पटेल को बतौर सदस्य शामिल किया गया है। जल्द ही इसका विस्तार किया जायेगा। उम्मीद की जा रही है कि ऊर्जावान अध्यक्ष भीष्म द्विवेदी के कुशल नेतृत्व में हॉकी मंडला नई उचाई हासिल करते हुए इस खेल के विस्तार में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन करेगा।

# तेज रफ्तार कार ने छात्रा को मारी टक्कर, घायल

*** बायपास पर ग्रामीणों ने की ओव्हर ब्रिज की मांग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मंडला जिले के ग्राम माधोपुर के नजदीक एनएच-30 पर तेज रफ्तार कार ने एक स्कूली छात्रा को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूली छात्रा गंभीर घायल हो गई। मौके पर पहुंची अंजनिया थाना पुलिस ने घायल छात्रा को जिला अस्पताल पहुंचाया है। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे में जाम लगा दिया है। इससे वहां जाम लगा है।

जानकारी अनुसार माधोपुर स्कूल में अध्ययनरत ग्राम करियागांव निवासी मौसम साहू 14 वर्ष पिता देवेन्द्र साहू अपनी सहेलियों के साथ स्कूल जा रही थी। उसी दौरान मंडला की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाला मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की खबर लगते ही स्थानीय ग्रामीण और छात्र मौके पर एकत्र हो गए। लोगों की मांग है कि क्षेत्र में होने वाले हादसों को रोकने के लिए यहां ओवरब्रिज बनाने की मांग की गई। हादसे के बाद अंजनिया पुलिस मौके पर पहुंची। जहां आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास कर रही थी, लेकिन ग्रामीणों का गुस्सा शांत नहीं हो सका। काफी देर तक समझाईश के बाद ग्रामीण माने और जाम को खोला गया। हादसे को अंजाम देने के बाद फरार कार की पहचान के लिए पतासाजी शुरू कर दी गई।

### छात्रा का पैर हुआ फैक्चर

बताया गया कि जबलपुर से रायपुर को जोडऩे वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में माधोपुर बाईपास पर मरार टोला मार्ग के पास एक स्कूली छात्रा को मंडला से बिछिया की ओर जा रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में छात्रा का पैर फैक्चर हो गया और शरीर में अन्य जगह चोटें आई। घटना की जानकारी नजदीकी उपथाना अंजनिया पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर घायल युवती को अपने साथ पुलिस वाहन से जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने युवती का बाय पैर फैक्चर होना बताया। छात्रा का उपचार जिला चिकित्सालय में किया जा रहा है।

### ग्रामीणों ने की ओव्हर ब्रिज की मांग

अंजनिया उपथाना से नजदीक करीब 07 किमी दूरी पर स्थित हाईवे से लगे गांव माधोपुर बाईपास पर मरारटोला मार्ग के नजदीक सुबह 10 बजे के करीब फिर एक हादसा हो गया। इस हादसे का शिकार स्कूल जा रही ग्राम करिया गांव की छात्र हो गई। छात्रा के साथ उसके ही गांव की अन्य छात्राएं भी थी। जैसे ही तेज रफ्तार से आ रही कार ने छात्रा को टक्कर मारी, उसके बाद घटना स्थल पर लोगो का हूजुम लग गया। घटना की जानकारी आसपास के गांव में आग की तरह फैल गई। तीन चार गांव के ग्रामीण घटना स्थल पर एकत्र हो गए और नेशनल हाईवे 30 में जाम लगा दिया। ग्रामीणों के साथ छात्रा के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। करीब चार घंटे तक लोगों ने हाईवे पर जाम लगाए रखा।

## मण्डला की शुचि ने की बेहतरीन गेंदबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन इंदौर द्वारा बाली का वर्ग 23 में मध्यप्रदेश की टीम ऑल इंडिया टूर्नामेंट्स में भाग लेते हुए क्रिकेट टीम ने नागपुर में खेले गए पांच लीग मैच में चार जीतकर क्वाटर फाइनल में अपनी जगह बनाई है। मेघालय, गोवा, सौराष्ट्र, बंगाल, पंजाब के साथ हुए रोमांचक मुकाबले में एम पी टीम ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भोपाल की सौम्या तिवारी के नेतृत्व में एम पी टीम में जबलपुर संभाग के जिले की उभरती खिलाड़ी शुचि उपाध्याय की फिरकी गेंदबाजी ने चार मैच में 9 विकेट हासिल किए हैं। इसके अतिरिक्त बंगाल के विरुद्ध खेला गया रोमांचक मैच टाई हुआ जिसमें मध्यप्रदेश ने सुपर ओवर डालने के लिए शुचि उपाध्याय को बाल थमाई जिसमें ओवर की पहिली दो गेंद में दो विकेट हासिल किया। परिणाम स्वरूप मध्यप्रदेश को महज एक रन विनिंग अनुष्का शर्मा के बल्ले से आया और मध्यप्रदेश विजयी हुई।

**आयोजन** | **सरस्वती शिशु मंदिर के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होंगे प्रदेश के राज्यपाल।**

# 29-30 दिसंबर को आयोजित होगा स्वर्ण जयंती कार्यक्रम

*** विद्यालय द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सरस्वती शिशु मंदिर मंडला की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर 29-30 दिसंबर को स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल का आगमन होगा। आयोजन संबंधी जानकारी देने के लिए विद्यालय परिसर में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

पत्रकार वार्ता को रानी दुर्गावती शिक्षा प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनायक तांबे, व्यवस्थापक राजेश ज्योतषी सहित अन्य सदस्यों ने सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि मंडला में सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर विधयालय परिवार द्वारा वर्ष भर में विविध आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 29-30 दिसंबर को स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ 29 दिसंबर को 2 बजे होगा। पूर्व आचार्यों का सम्मान किया जायेगा। साथ ही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे।

### राज्यपाल होंगे कार्यक्रम में शामिल





बताया गया कि आयोजन के दूसरे दिन 30 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम में मप्र के महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी शामिल होंगे। जिनकी उपस्थिति में पूर्व छात्र सम्मलेन आयोजित किया जायेगा। जिसके अंतर्गत विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त पूर्व छात्र, प्रथम प्रवेशित छात्र, प्रथम समिति सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम होगा। साथ उनके अनुभव कथन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, विधायक संपतिया उइके, विद्या भारती मध्यक्षेत्र के सह संगठन मंत्री डॉ आनन्द पारधी एवं बालिका शिक्षा की राष्ट्रीय संयोजक रेखा चुड़ासामा की विशेष उपस्थिती रहेगी।

आयोजित पत्रकार वार्ता का संचालन विद्यालय के पूर्व छात्र विवेक अग्निहोत्री एवं आभार विद्यालय के कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने किया। इस दौरान सह व्यवस्थापक विनोद सुरेश्वर, विद्या भारती जिला सचिव राजीव वर्मा, विद्यालय समिति सदस्य गण पूरन ठाकुर, रेखा चौरसिया एवं अरविन्द शर्मा उपस्थित रहे।

## मिशन को जिले के जिम्मेदारों ने लगाया पलीता

*** जल जीवन मिशन में विभाग ने किया भारी भ्रष्टाचा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन द्वारा प्रदेश सहित मंडला जिलेभर के स्कूल के छात्रों और ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल हर नल जल को साकार करने प्रत्येक गाँव और स्कूल आंगनवाड़ी में स्वच्छ पीने के पानी की उपलब्धता शुनिश्चित करने प्रत्येक स्कूल एवं आंगनवाडी में लाखों की राशि खर्च कर दी गई, लेकिन भौतिक आंकलन से जिले की निवास विकासखंड के लगभग हर दूसरा स्कूल/आंगनवाड़ी के बच्चे इस व्यवस्था से मिलने वाले पीने के पानी को मोहताज हैं।

उक्त मिशन के तहत कराये गये कार्य में जमकर धांधली करते हुये टंकी पाइप लाइन, हेंड वाश बेसिन, नल यूनिट तो बना दी गई लेकिन पानी की उपलब्धता के लिये निर्बाध व्यवस्था नहीं कि गई जो इस योजना का मूल आधार है।

हद तो तब हो गई जब इस मिशन के जिम्मेदारों की बेजा लापरवाही से दिखावे की पेयजल व्यवस्था बनाने में संबंधित स्कूल में पूर्व से चल रहे मोटर पम्पों को भी बेकाम कर दिया गया। ऐसी स्थिति में कई दर्जनों स्कूल के छात्र ही नहीं शाला स्टाफ को भी पानी के लिये काफी परेशानी उठानी पड़ रही है, वहीं नन्हे बच्चों को मिल रहे मध्यान्ह भोजन के बाद पीने का पानी अपने बस्ते में लाना पड़ रहा है, या मजबूर होकर पुराने स्त्रोतों से पानी पीना पड़ रहा है। जिले सहित निवास अनुभाग के अनेकों स्कूलों और आंगनवाड़यिों की यही स्थिति है।





जिम्मेदारों की लापरवाही की हद देखिये की जबलपुर मंडला मुख्य मार्ग से लगे शालाओं की बदहाल पेयजल व्यवस्था पर बनाई गई पेयजल यूनिट जो पानी नहीं सिर्फ हवा उगल रहीं हैं। तब इस जल जीवन मिशन की ग्रामीण अंचलों में क्या सच्चाई होगी इसका कोई भी सहज अंदाजा लगा सकता है।

**खबर संक्षेप**

## साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव की 6 पुस्तकों का विमोचन आज



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** आज इतिहास के पन्नों में अनोखा दिवस दर्ज होने जा रहा है। क्योंकि नगर के साहित्यकार द्वारा जो अपना एक अलग इतिहास बनाया गया हे कि उसके चलते नगर के महावीर भवन में दोपहर 2 बजे से वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा लिखित 6 पुस्तकों जिनमें सागर किनारे (नाटक), सुरमई नाद (व्यंगकार उपन्यास, सच हुए सपने (बाल उपन्यास), सीरेगाव वाली काकी (कहानी उपन्यास), सनकी बऊ (कहानी संग्रह), खबरों की खबना (व्यंग संग्रह) का विमोचन होगा। बताया जाता है कि इस विमोचन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा लिखित पुस्तकों की संख्या 51 हो जाएगी जो शहर ही नही जिले और समूचे मध्यप्रदेश में कुशलेंद्र श्रीवास्तव साहित्य जगत में एक बड़ा नाम होगा साथ ही 51 पुस्तकों के विमोचन के बाद एक रिकॉर्ड ही नही गाडरवारा क्षेत्र और नरसिंहपुर जिले के लिए एक दस्तावेज बन गया है जो अमिट है। सहज सरल स्वभाव के धनी कुशलेंद्र श्रीवास्तव को 80 के दशक से पत्रकारिता में महारथ हासिल है उनकी लेखनी को समूचे देश में पढ़ा जाता है।

## मासूम पेट की खातिर चल रहे है रस्सियों पर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर शासन द्वारा बच्चों के हितों को ध्यान में रखते हुए जिस प्रकार से योजनाएं चलाई जा रही है, यदि उन योजनाओं को सही रूप से अधिकारियों द्वारा अमली जामा पहनाये जाने लगे तो निश्चित तौर से मासूम बच्चों का भविष्य बदल सकता है? मगर जिस स्थिति में इस समय मासूम बच्चों को देखा जा रहा है उसे सच्चाई पर गौर किया जावे तो शासन द्वारा चलाई जा रही संपूर्ण योजनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगता हुआ जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर शासन की योजनाओं का संचालन करने वाले अधिकारियों की कार्य करने की भूमिका सामने आने से नही चूक पा रही है? क्योंकि जिन बच्चों को इस उम्र में स्कूलों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहिए थी, वह मासूम बच्चें अपने पेट की खातिर रस्सी पर चलते हुए अपने जान को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में जहां तहां आसानी से देखने मिल सकती है जहां पर यह मासूम सर्कस नुमा नौटंकी का खेल दिखाते अपना पेट पालने के लिये मजबूर देखे जा रहे है? बताया जाता है कि बाहर से आये हुए कुछ लोगों द्वारा जहां लोगों का मनोरंजन करने तथा अपना व अपने बच्चों का भरण पोषण करने के लिए मासूम बच्चों को रस्सी पर चलाकर अनेक प्रकार के कर्त्तव्य दिखाये जा रहे है जिन्हें लोग देखते हुए जहां ताली बजाकर सबासी प्रदान कर रहे है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से ताली बजाने वालों की भीड़ में मासूमों का जीवन संभारने का जिम्मा निभाने वाले वह अधिकारी भी नजर आते है। इस सबको देखकर यह सबाल पैदा होने से नही चूक पाता है कि यदि शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का यदि सही तरीके से संचालन हो रहा होता तो शायद इन मासूम बच्चों को इस तरह अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये पेट पालने के लिये मजबूर न होना पड़ता?

## सालीचौका रेलवे गेट बंद रहने के कारण मरीजों को तड़पने के लिये होना पड़ता है मजबूर

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** कहने के लिये तो सालीचौका को नगर पंचायत से बढ़कर नगर परिषद का दर्जा प्राप्त होने के साथ साथ यहां पर पुलिस चौकी के आलवा स्वास्थ्य केन्द्र व हायर सेकेण्डरी स्तर के स्कूल संचालित हो रहे है, वही सालीचौका में सप्ताह में दो दिन लगने वाला बाजार भी संपूर्ण क्षेत्र में प्रसिद्व होने के आलवा यहां पर संचालित हो रही शुगर मिलो सहित राईस मिलों ने अपनी कार्य कुशला के चलते एक अलग ही उपलब्धि हासिल की गई है, जिसके चलते सालीचौका क्षेत्र में प्रतिदिन बाहर से हजारों की संख्या में लोगों का आना जाना लगा रहता है।

# तेज आवाज के साथ पटाखा फोड़ने वाले बाइक चालकों के खिलाफ घूमा पुलिस का डंडा








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

सबसे शांति प्रिय माने जाने वाले इस नगर को पता नही कि युवा पीढी द्वारा कौन सा ग्रहण लगाया जा रहा है जिसके चलते सभ्य लोगों का सड़को पर निकलना दुभर होने से नही चूक रहा है? यदि नगर की सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से शाम के समय शहर की सड़कों पर महिलाओं व किशोरियों सहित सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल हो चुका है। हालत इस तरह से देखने मिल रहे है कि नगर के अनेक स्थल इस प्रकार के दिखाई पड़ रहे जो आवारा गर्दी करने वाले मनचलों के लिए प्रमुख केन्द्र बन चुके है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो इस समय पानी टंकी व शासकीय चिकित्सालय क्षेत्र संपूर्ण नगर में चर्चा का विषय बन चुका है, जहां पर आये दिन झगड़ा होना आम बात हो चुकी है। वही दूसरी ओर इस क्षेत्र के प्रमुख माने जाने वाले मार्गो पर जहां दिन भर मनचलों का जमावड़ा लगा रहता है उसके चलते आने जाने वाली महिलाओं सहित आमजन को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर शाम होते ही सड़को पर बाईकर्सो का आंतक छाने के साथ साथ मुख्य सड़को पर खड़े होकर जन्म दिन पार्टियाँ मानते हुये खुलेआम तलवारों से केक काटने की परंपरा निश्चित तौर से शहर की शांति को भंग करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। क्योंकि इस समय देखा जावे तो घर घर नेता तैयार हो चुके है जो नगर की शांति व्यवस्था भंग करने वालों को संरक्षण देने की मुद्रा में दिखाई देने से नही चूक पाते है? क्योंकि किसी छुट भैया नेता के दिल्ली वाले भैया से संबंध हे तो किसी के भोपाल वाले या फिर कोई शहर के बाहर विराजमान बऊ के आर्शीवाद के भरोसे बमचक मचाते हुये दिखाई देने से नही चूक रहे है? क्योंकि शाम होते ही शहर की सड़को की सच्चाई जिस तरह से देखने मिलना शुरू हो गया है कि वाइकर्सो का आंतक छाने से नही चूकता है। वह मनमानी करने वाले अपनी बुलट गाडी हो या फिर अन्य बाइकों में तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाना जहां अपनी शान समझने लगा है और दूसरी सड़को पर फटखानुमा आवाज के साथ घूमने वाली बुलटों के चलते लोग रात के समय अपने घरों में शांति के साथ सो तक नही पा रहै। शाम होते ही नगर की सड़को पर जिस प्रकार से बाईकर्सो का आतंक छाता है उसके चलते लोगों का अपने घरों से निकलने की बात तो दूर घरों के अंदर सोना भी मुश्किल होने लगा है। इस प्रकार से शहर में मनचलों की हरकतों का शिकार सबसे अधिक उन महिलाओं को होना पड़ता है जो अपने परिजनों के साथ रात के समय कही आ जा रही होती है। क्योंकि इन बाईकर्सो द्वारा अपनी गाडियों में लगे हुये तेज आवाज वाले साईलेंसर के साथ जिस गति से हुडदंग लीला मचाते हुये देखे जाते है उसके चलते पैदल चलने वाले राहगीरों की जान खतरे से खाली नही रह पा रही है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक युवाओं की गाडियाँ तो इस प्रकार से होती है कि वह बिना नंबर की वाईकों पर सवार होकर नशे की हालत दौडाते हुए देखे जाते है, यदि धोखे से कोई उनकी गाड़ी के सामने आ जावे तो उसका बचना मुश्किल ही होते हुये देखा जाता है। कुछ इसी तरह को हाल उन चार पहिया वाहनों का भी देखने मिल रहा है जो अपने गाडियों में प्रशासन के अधिकारियों की तरह अनेक प्रकार के सायरन लगाते हुये सड़को पर दौडाते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर इस तरह शहर में मनमानी करने वालों द्वारा सड़को पर खडे होकर अपना जन्म दिन मनाने की परम्परा के चलते जिस तरह नगर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है वह चिंता जनक बनने से नही चूक रहा है। वही दूसरी ओर शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह यातायात के नियमों को दर किनार करते हुये एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये गन्ना से लदी हुई ट्रालियों के दौडने के कारण जहां बीते हुये वर्षो में अनेक दुर्घटनाये जिस तरह घटित हुई थी और उनमें अनेक युवाओं की मौत आज भी इतिहास के पन्नो में दर्ज हो और यह मंजर फिर इस वर्ष देखने मिलना शुरू हो गया है। इस तरह नगर में तेज आवाज वाले साईलेंसर तथा मनमानी करने वालों के खिलाफ अब पुलिस प्रशासन द्वारा अपना डंडा घुमना शुरू कर दिया गया है और इसी के चलते जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में एक दिन एक रोड के तहत अभियान चलाते हुये पुलिस ने अपना डंडा घुमाना शुरू कर दिया गया है। इसी के चलते बीते हुये दिवस उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक तथा यातायात प्रभारी जितेन्द्र गडेबाल द्वारा कान फोडू साईलेंसर लगी हुई गाडियों के खिलाफ चालाना कार्यवाही करते हुये लगभग 21 गाड़ियो के साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाने कीकार्यवाही की गई। वही दूरी ओर नगरे निजी व शासकीय स्कूलो में पहुंचकर छात्र छात्राओ को समझाईश दी गई कि वह अपने गाड़ियों को यातायात निमयों के तहत ही चलाये । यदि कोई नाबालिंग दो पहिया या फिर चार पहिया गाड़ी चलाते हुये पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस तरह उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा नगर में नाबांलिग कम उम्र के बच्चों को गाड़ी चलाते हुये पकड़कर चालानी कार्यवाही की गई। इस संबंध में जब उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है कि युवाओं द्वारा अपनी गाड़ियों में कान फोडू हार्न तथा फटखा की तरह आवाज निकालने वाले साईलेंसर लगाना शान समझ लिया गया है। इस तरह तेज आवाज वाले साईलेंसर लगाकर घूमने वाले गाड़ियों के खिलाफ जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिला मुख्यालय से आई हुई यातायात पुलिस तथा हमारे नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा मिलकर संयुक्त कार्यवाही करते हुये चालानी कार्यवाही की गई तथा लगभग दो दर्जन गाड़ियो से इस तरह तेज आवाज वाले साईलेसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाया गया है। पुलिस की यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी और किसी काम में पुलिस को सफलता तभी मिल पाती है जब आम जनता का सहयोग रहता है तभी किसी बुराई को खत्म किया जा सकता है। वही जब उनसे पूछा गया कि क्षेत्र की सड़को पर जिस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये वाहर से आये हुये लोगों द्वारा गन्ने की ढुलाई की जा रही है जिसके चलते आये दिन घटनाये घटित होने से लोगों की मौते हो रही है। इस संबंध में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा ने बताया कि इस तरह एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये चलाना बिलकुल यातायात नियम के विपरित है। इस तरह नियम के विरूद्व चलने वाले ट्रेक्टर ट्रालियों को लेकर पुलिस द्वारा क्षेत्र की शुगर मिलों में पहुंचकर समझाईश दी जा रही है। यदि इसके बाद भी वह लोग नही मानते है तो पुलिस द्वारा अब डबल ट्राली लगाकर ट्रेक्टर चलाने वालों के खिलाफ भी इसी तरह की सख्त कार्यवाही की जावेगी। वही जब नगर निरीक्षक विक्रम रजक सें चर्चा की गई तो उनका कहना था कि नगर में बीते हुये कुछ दिनों से देखा जा रहा है था कि युवाओं द्वारा अपनी गाड़ियों में कान फोडू हार्न लगाते हुये उनसे फटाखानुमा आवाज निकाला जाता था। वही दूसरी ओर नगर की सड़को पर रात के समय जन्म दिन मनाने की परम्परा के चलते नगर की शांति व्यवस्था को ग्रहण लग रहा था। इस तरह बिगडे रही व्यवस्था व बाइकर्सो की मनमानी को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक के सहयोग से पुलिस द्वारा लगातार चालानी कार्यवाही की जा रही है तथा आज लगभग दो दर्जन गाड़ियों के तेज आवाज वाले साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलवाया गया है। यदि इसके बाद भी मनमानी वाले बाज नही आते है तो और सख्त कार्यवाही की जावेगी। इस पुलिस द्वारा नगर की पानी टंकी के पास तेज आवाज वाली बाइकों के साईलेंसर निकालते हुये उन पर बुलडोजर चलाने की कार्यवाही की गई तो उस दौरान जहां लोगों का हुजुम लगा हुआ देखा गया तो दूसरी ओर इस तरह कान फोडू हार्न लगाने वालों में पुलिस का डंडा घुमते हुये दहशत का महौल दिखाई देने लगा है तो दूसरी ओर अनेक लोगों की गाड़ियो से साईलेसर गायब नजर आने लगे है। इस समाचार के लिये फोटो क्रमांक है।

## ट्रेनों में सीट सुरक्षित करने ट्रेक पार कर यात्री



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉंगने के हकदार है। किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों चुनावी महौल के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीडभाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न कर सीट की जुगाड़ में लग जाते है। हालत यह है कि कभी रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। बताया जाता है कि कई रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रेक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रेक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रेक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रेक से हटा प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

### इस सच्चाई के चलते अपने साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी पहुंचाते है खतरा, प्रशासन की चुप्पी पर खड़े हो रहे सबाल

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात में सुधार लाने की बात को लेकर चालानी कार्यवाही करते हुये देखा जाता है, जिसमें अनेक इस प्रकार के लोगों के खिलाफ भी पुलिस द्वारा अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है जो किसी भूलवस अपने वाहनों के जरूरी कागज घरों पर भूल जाते है और उन्हें पुलिस की इस कार्यवाही का शिकार होना पड़ता है? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पुलिस द्वारा उन लोगों को पूर्णरूप से नजर अंदाज कर दिया जाता है जो एक बाइक पर तीन की जगह खुलेआम चार चार लोग बैठते हुये जहां यातायात नियमों की धज्जिया तो उडाते हुये देखे ही जाते है साथ ही साथ अपनी व दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? इस बात की सच्चाई बीते दिवस नगर के मुख्य बाजार में उस समय देखने मिली जब एक बाईक पर चार लोग बैठते हुये पुलिस थाने के ठीक सामने से निकलकर बाजार तक पहुंच गये पर पुलिस द्वारा इनके खिलाफ कार्यवाही करने की बात तो दूर उन्हें रोककर हितायद देना भी जरूरी नही समझा? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि यदि इस प्रकार के वाहनों के माध्यम से कोई सड़क घटना घटित हो जाती है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? क्योंकि इस प्रकार से वाहनों के संचालन को पुलिस प्रशासन द्वारा नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि वाहन चालक खुद के

## नगर अधिवक्ता संघ चुनावी प्रक्रिया हुई संपन्न, डॉ दिनेश बुधोलिया अध्यक्ष तो गोपाल मेहरा उपाध्यक्ष के पद पर हुये निर्वाचित






**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर में बीते हुये कुछ दिनों से जिस प्रकार अधिवक्ताओं के चुनाव की प्रक्रिया चल रही थी उसके चलते स्थानीय न्यायालय परिसर का महौल पूर्णरूप से राजनीति से गर्माया हुआ दिखाई देने से नही चूक रहा था। इस तरह बीते हुये शनिवार को संपन्न हुई इस निर्वाचन प्रक्रिया में जहां नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता डा दिनेश बुधोलिया अध्यक्ष निर्वाचित हुये है तो उपाध्यक्ष के पद पर युवा बकील गोपाल प्रसाद मेहरा को चुना गया है।व ही सचिव के पद पर बसंत तपा तथा वरिष्ठ कार्यकारणी में नरेन्द्र सिंह रघुवंशी, शंभू दयाल सराठे, धनराज किरार, हेमराज किरार व अहमद खाँ निर्वाचित हुये है। इस निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने में मुख्य निर्वाच अधिकारी के रूप में अधिवक्ता संघ के सुजीत दुबे व सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में सुरेन्द्र गुर्जर, दामोदर साहू, रमाकां परासर व संतोष विश्वकर्मा मौजूद रहे। इस तरह अध्यक्ष पद के लिय उम्मीदवारों के रूप में डा दिनेश चंद बुधौलिया व अधिवक्ता दिनेश वर्मा के बीच मुकाबला था जिसमें अधिवक्ता संघ के कुल 152 मतों में से 146 मत डाले गये थें जिसमें 1 मत निरस्त होने पर वैध मतों की संख्या 145 पाई गई थी। इनमें अधिवक्ता डा दिनेश बुधौलिया को 88 मत तो दिनेश वर्मा को 57 मत प्राप्त होने पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के लिय 31 मतो से दिनेश बुधौलिया निर्वाचित घोषित किये गये। इसी प्रकार से उपाध्याक्ष के लिये संपन्न हुई निर्वाचन प्रक्रिया में अधिवक्ता प्रमोद पटैल व गोपाल प्रसाद मेहरा के बीच मुकाबला था जिसमें कुल 152 मतों में से 146 मत डाले गये वही 4 मत निरस्त होने पर बैध मताों की सेख्या 142 रही। इसमें गोपाल मेहरा को 73 तो प्रमोद पटैल को 69 मत प्राप्त होने से गोपाल मेहरा 4 मतों से उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किये गये। वही सचिव पद के हुये मैदान में बसंत तपा तथा राजेन्द्र अग्रवाल के बीच मुकाबला था जिसमें कुल 152 मतों में से डाले गये 146 मतों में 3 मत निरस्त पाये गये। इस तरह शेष बैध पाये गये 143 मतों में से बसंत तपा को 79 व राजेन्द्र अग्रवाल 64 मत प्राप्त होने से अधिवक्ता संघ के सचिव पद पर बसंत तपा 15 मतों से निर्वाचित घोषित हुये। इसी प्रकार से संघ के वरिष्ठ कार्यकारणीके लिये अलग अलग संपन्न हुई चुनावी प्रक्रिया में अधिवक्ता संभू दयाल सराठे को 118, हेमराज किरार को 88, धनराज किरार को 104, नरेश कुमार चौधरी को61, अहमद खाँ को 100 तथा नरेन्द्र सिंह रघुवंशी को 123 प्राप्त होने से यह पांच अधिवक्ता वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य के रूप में निर्वाचित हुये।

## मंडी परिसर बना गिट्टी व्यापारियों की दुकानदारी का अड्डा, नियम विरूद्व खड़े किये जा रहे ट्रक

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



जहां नगर की जवाहर कृषि मंडी का निर्माण किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये किया गया है जिसमें अपना अनाज बेचने के लिए आने वाले किसानों को अपने वाहन खड़े करने के साथ साथ अन्य सुविधाएं मिल सके, मगर इस समय देखा जा रहा है कि मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत के चलते जहां गिट्टी का व्यापार करने वालों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए यहां से गिट्टी की दुकानदारी की जा रही है, वही दूसरी अनेक वाहन मालिकों द्वारा मंडी परिसर में अपने वाहन खड़े करते हुए मंडी परिसर को पार्किंग स्थल बना डाला है? इस प्रकार से मंडी परिसर को गिट्टी का कारोबार करने वालों द्वारा जिस प्रकार से उपयोग किया जा रहा है वही समझ से परे जान पड़ रहा है? इस बात का आज तक पता नही चला है कि आखिर में मंडी परिसर में गिट्टी के व्यापारियों द्वारा किसकी अनुमति से यहां पर गिट्टी रखते हुए अपना व्यापार किया जा रहा है। मगर इस प्रकार से मंडी परिसर का उपयोग अन्य दूसरे कार्यो में करना निश्चित तौर से जहां मंडी प्रशासन की उदासीनता या फिर मिली भगत की ओर संकेत देते हुए जान पड़ रहा है? वही दूसरी ओर इस प्रकार से अन्य लोगों द्वारा मंडी परिसर का दुरूपयोग किये जाने के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है? जबकि गौर किया जावे तो मंडी में किसानों की सुविधा के लिए कई टीन शैड एवं चौड़ी सड़को एवं प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है, मगर नगर की मंडी में अक्सर देखने को मिल रहा है कि रात्रिकालीन समय में सैकड़ो की संख्या में निजी ट्रक एवं अन्य वाहन वहां पर पार्किंग होते है, जिसे देखकर ऐसा महसूस होता है जैसे जवाहर कृषि उपज मंडी परिसर में वाहन रखने के लिए गैरिज बनी हो? इसी के साथ मंडी के पीछे वाले क्षेत्र में गिट्टी सप्लाई की दुकानदारी चल रही है जो बिल्डिंग मटेरियल के सप्लायर मंडी के अंदर गिट्टी का स्टाक रखते है पूरी मंडी में अनेको स्थानों पर गिट्टी का स्टाक देखा जा सकता है, बाबजूद इसके मंडी प्रशासन किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं करता न ही वाहन मालिकों को वाहन खड़े करने की मना करता है जिससे मंडी प्रशासन की मिलीभगत का अंदेशा जान पड़ने लगा है? इतना ही नही अक्सर देखा जाता है कि जब किसानों की भीड़ मंडी परिसर में होती है इसी दौरान यहां पर गिट्टी प्यापारियों के द्वारा ट्रेक्टरों से गिट्टी सप्लायी की जाती है जिसके कारण किसानों को परेशान होना पड़ता है, मगर इसके बाद भी मंडी प्रशासन द्वारा ध्यान नही दिये जाने के कारण लगातार मंडी की शाख को बट्टा लगते हुए देखा जा रहा है।

## सड़क किनारे पटरी नही होने से आये दिन दुर्घटना ग्रस्त हो रहे वाहन

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** जहां एक ओर सरकार द्वारा करोड़ो रूपया खर्च करते हुए सड़को का निर्माण आमजन के लिए सुविधा प्रदान करने के उद्वेश्य से किया जाता है, मगर वही सड़क यदि आमजन के लिए परेशानी के साथ साथ जान का खतरा साबित होने लगे तो उस सड़क के निर्माण पर अपने आप ही सबाल खड़े होने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय पौड़ार से गाडरवारा के बीच हाईवे स्तर के सड़क में देखने मिल रहा है, जहां पर पूर्व सड़क निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क में निकले हुये गड्डो को भरने के लिये किये गये सुधार कार्य के चलते इस सड़क की ऊंचाई अधिक हो चुकी है, मगर इसके बाद सड़क के दोनों ओर किसी भी प्रकार से ऊंचाई कम करने के लिए पटरी नही भरे जाने के कारण आये दिन वाहनों को दुर्घटना ग्रस्त होते हुए देखा जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो बीते हुए एक सप्ताह के अंदर इस प्रकार से एक दर्जन से अधिक घटनाएं घटित हो चुकी है, वही बड़े वाहनों की स्थिति तो इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह अचानक एक दूसरे वाहन को साईड देने के चक्कर में पलटने से भी नही बच पाते है, इस स्थिति में चलते जहां वाहन मालिकों को आर्थिक क्षति का समाना करने के लिए मजबूर होते हुये देखा जा रहा है, वही दूसरी ओर छोटे वाहन चालकों की जान खतरे में दिखाई देने लगी है? इस प्रकार से इस सड़क की सच्चाई को लेकर स्थानीय मीडिया द्वारा आये दिन प्रमुखता के साथ उजागर किये जाने के बाद भी आज तक न तो निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही प्रशासन द्वारा जिससे यह जान पड़ने लगता है कि शायद किसी दिन कोई बड़ी घटना के इंतजार किया जा रहा हो?

**खबर संक्षेप**

### भाजपा के आगामी कार्यक्रमों के लिए प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त

**डिंडौरी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी सुधीरदत्त तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा जी, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं संभागीय प्रभारी व प्रदेश महामंत्री सुश्री कविता पाटीदार के मार्गदर्शन मे व भाजपा जिला संगठन प्रभारी गिरीश द्विवेदी जी की सहमति से भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज विलैया ने आगामी विभिन्न कार्यक्रम हेतु निम्न प्रभारी एवं सहप्रभारियो की घोषणा की जाती है जो इस प्रकार है,नमो एप संयोजक निशांत प्रशनानी एवं सह संयोजक शान्तनु पाठक, राजेन्द्र यादव, 25 दिसम्बर 2023 सुशासन दिवस जिला प्रभारी (जिला उपाध्यक्ष) बद्रीप्रसाद साहू जिला सह प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद दुबे, अनूप गुप्ता, 26 दिसम्बर 2023 वीरवाल दिवस जयसिंह मरावी जिला प्रभारी (जिला महामंत्री भाजपा) जिला सह प्रभारी अविनाश सिंह सैनी, मनी सैनी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जिला प्रभारी राहुल पाण्डेय जिला आई.टी. संयोजक, जिला सह प्रभारी भागीरथ उरेती, अनिल साहू को नियुक्त किया गया है।

### वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित करने हो रही कार्यवाही

**अनूपपुर।** प्रत्येक पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए उसे लाभान्वित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है। यह यात्रा 22 दिसंबर को जनपद पंचायत अनूपपुर के ग्राम पंचायत देवरी तथा अमलई, जनपद पंचायत जैतहरी के ग्राम पंचायत बरबसपुर तथा केल्हौरी, जनपद पंचायत कोतमा के ग्राम पंचायत रेउसा तथा गोड़ारू, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत सरई तथा तरंग पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर शासन के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों द्वारा विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव साझा किए गए। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा केन्द्र सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने की अपील पात्र हितग्राहियों से की गई। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया।

**कलेक्टर विकास मिश्रा द्वारा पूछे गए प्रश्नों का विद्यार्थियों ने दिया उत्साहपूर्वक उत्तर**

# उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में कौन बनेगा करोड़पति कार्यक्रम संपन्न



**- छात्र कार्तिक कुमार ख्याम बना कौन बनेगा करोड़पति का विजेता**





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करने क उद्देश्य से कलेक्टर श्री विकास मिश्रा के निर्देशन में जिला प्रशासन डिंडौरी की तरफ से विकसित भारत संकल्प यात्रा और सुशासन दिवस के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में 'कौन बनेगा करोड़पति' कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें 12 शासकीय विद्यालयों के कक्षा 11वीं में अध्ययनरत होनहार प्रतिभागी विद्यार्थी साक्षी वर्मा, तुलेशवरी पन्द्राम, प्रतिष्ठा नेताम, कार्तिक कुमार ख्याम, ऐषना मार्को, गायत्री मरावी, प्रीति पटटा, युगेश मरावी, सरस्वती पन्द्राम, स्वाती उरैती, प्राची साहू और मातेश्वर मरकाम ने भाग लिया। कलेक्टर विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों से 'कौन बनेगा करोड़पति' की तर्ज पर विद्यार्थियों से डिंडौरी जिले से संबंधित और जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछे। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साहपूर्वक पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कार्तिक कुमार ख्याम ने 2000 रूपए, द्वितीय विजेता सरस्वती पन्द्राम ने 1500 रूपए व तृतीय विजेता ऐषना मार्को ने 1000 रूपए जीता। इन्हें उक्त राशि चैक के रूप में प्रदान कर सम्मानित किया गया। आज के कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत करंजिया आरएस कुशवाहा, तहसीलदार करंजिया भीमसेन, बीआरसी करंजिया अजय कुमार राय सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक व शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे।

## युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर ने भाखा को 45 रनों से हराया



**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम बरसिंघा में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। जिसमें युवा क्रिकेट क्लब अमरपुर तथा भाखा के मध्य मैच खेला गया। जिसमें भाखा टीम ने टॉस जीतकर युवा क्रिकेट क्लब को पहले बल्लबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा क्रिकेट क्लब के बल्लेबाज रवि 16 रन, महेंद्र 15 रन, प्रदीप 14 तथा प्रशांत के 12 रनों के मदद से अपने निर्धारित 10 ओवरों में 81 रनों का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भाखा की टीम निर्धारित 10 ओवरों में मात्र 36 रन ही बना सकी और यह और मैच युवा क्रिकेट क्लब ने आसानी से 45 रनों यह मैच अपने नाम कर लिया। युवा क्रिकेट क्लब की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए दस्सू ने 4, प्रशांत 2, जयदीप 2 विकेट अपने अपने नाम हासिल किए।

## जनपद अध्यक्ष ने धान उपार्जन केंद्र मानिकपुर का किया निरीक्षण



**शहपुरा ।** जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो ने मानिकपुर धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष ने खरीदी केंद्र के प्रभारी को निर्देशित किया की वे धान की खरीदी शासन के निर्देशों के अनुसार ही करें। किसानों से निर्धारित मात्रा में ही धान तोला जाये। जिन किसानों का स्लॉट बुक है उन्हीं किसानों से खरीदी की जाए। किसानों से धान की खरीदी एफ एक्यु मापदंड के अनुसार ही करें, जनपद अध्यक्ष द्वारा किसानों से जानकारी ली गई तब किसानों ने बताया कि बोरी सहित 40 किलो 600 ग्राम धान ली जा रही है साथ ही व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली गई जहां धान की तौल होने के बाद उनकी ऑनलाइन एंट्री तत्काल की जाये और किसानों को ऑनलाइन जनरेट होने वाली तोल पर्ची तत्काल दी जाए और जवाबदार कर्मचारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये।

# कॉलेज चलो अभियान के तहत हाईस्कूल के विद्यार्थियों को दी गई जानकारी



**डिंडौरी।** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय करंजिया द्वारा सत्र 2024-25 की प्रवेश प्रक्रिया के पहले कालेज चलो अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों, शिक्षकों से संपर्क स्थापित कर विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी देते हुए प्रेरित किया गया । कॉलेज स्टाफ ने 18 दिसंबर 2023 सोमवार को कॉलेज चलो अभियान के तहत खंड स्तर के शासकीय हाई स्कूल मेढ़ाखार मे पहुंचकर प्राचार्य एवं शिक्षकों से संपर्क स्थापित कर कक्षा 12वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश की संपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश से संबंधित जानकारी देते हुए प्रो अजय सिंह ने बताया की नई शिक्षा नीति क्या है,क्यों जरूरी है साथ ही रोजगार और व्यवसाय के लिए नई शिक्षा नीति का क्या अहम योगदान है। स्कूल पाठ्यक्रम के 10 . 2 ढांचे की जगह 5 .3 .3 .4 का नया पाठयक्रम संरचना लागू किया जाएगा जो क्रमशः 3-8, 8-11, 11-14, और 14-18 उम्र के बच्चों के लिए है. इसमें अब तक दूर रखे गए 3-6 साल के बच्चों को स्कूली पाठ्यक्रम के तहत लाने का प्रावधान है, जिसे विश्व स्तर पर बच्चे के मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण चरण के रूप में मान्यता दी गई है।इसी प्रकार उच्च शिक्षा में कई बदलाव किए गए हैं. ग्रेजुएशन के प्रथम वर्ष में सर्टिफिकेट,द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण पर डिप्लोमा और तृतीय वर्ष उत्तीर्ण पर डिग्री एवं जो छात्र रिसर्च करना चाहते हैं उनके लिए चार साल का डिग्री प्रोग्राम होगा। प्रोफेसर शत्रु सूदन सिंह,प्रो शमशेर बहादुर पटेल, प्रो श्रवण कुमार तिवारी ने भी महाविद्यालय में प्रवेश से संबंधित जानकारी के साथ-साथ उच्च शिक्षा विभाग की नई शिक्षा नीति की रणनीति ,पाठ्यक्रम की वृहद परिचर्चा, व्यवसायिक पाठ्यक्रम का महत्व ,रोजगार एवं स्वरोजगार,केंद्रीय योजनाएं, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग विभाग आदि द्वारा संचालित प्रोत्साहन,मेधावी योजना,गांव की बेटी योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना,स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना,छात्रवृत्ति आदि प्रचलित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी छात्र छात्राओं को प्रदान किए।

# बजाग जनपद क्षेत्र में अधिकतम पंचायतों में आवास योजना के हाल-बेहाल

**डिंडौरी।** जनपद पंचायत बजाग में प्रधानमंत्री आवास योजना में शासकीय राशियों जमकर का बंदरबांट किया गया है जिसमें रोजगार सहायक ने अपूर्ण आवास को गलत तरीके से जिओ टेग कर पूर्ण बताने की गलती को लेकर प्रशासन कहीं बजाग थाने में एफआई आर कराई तो कहीं प्रशासन ने कोताही बरतने हुए जिम्मेदारों को अभयदान दे दिया। आपको बताते चलें कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हो रही लापरवाही का जनपद क्षेत्र में अनेक मामले सामने आए हैं जिसमें वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा ही गलत करने वाले और अधूरे आवास को पूरा बताने की कोशिश करने वालों को बचाने का प्रयास किया जाता रहा है। जनपद पंचायत बजाग के ग्राम पंचायत चांडा में लगभग 20 बैगा परिवार का प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास स्वीकृक्ति हुआ था जिसकी कुछ आवास के दो और कुछ आवास के तीन किश्त मिले, जिसमें कुछ मकान डोर लेवल तथा कुछ तो लेंटर लेवल तक बना दिया गया था। आपको ज्ञात हो कि बैगा बाहुल्य क्षेत्र में गरीब और भोले-भाले आदिवासियों से शेराझर के ठेकेदार तुलाराम के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्तों को बहला पुसलाकर बैंक से पैसे निकलवाकर ले लिया गया था कि आप को घर हम बनाकर दे देंगे। बजाग जनपद अंतर्गत चांडा पंचायत में जो आवास अधूरे पड़े हैं, जिसमें तुलाराम को बचाने का आरोप लगाया भी क्षेत्रीय नेताओं ने लगाया था और यह भी अपील की थी कि विभागीय अमला दो तरफा कार्यवाही ना करें, सर्व विदित हो कि इसी तरह राशि आहरण के मामले में रोजगार सहायक



पिपरिया की सेवा समाप्त किया गया था पर वहीं दूसरी ओर चांडा पंचायत में हुए भ्रष्टाचार पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विभागीय अमला इस तरह के भ्रष्टाचार में दोषियों को संरक्षण देकर बचा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले मनमाने ढंग से चल रहे हैं जबकि सरकार, प्रशासन और विभागीय अमला किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहा है जिससे इस तरह की घटनाएं आम हो चली है। प्रशासन को इस संबंध में कड़ाई दिखाते हुए कार्यवाही करना चाहिए।जबकि गरीबों का आवास आज तक नहीं बना। इसी तरह के अनेक मामले जनपद पंचायत बजाग में अनेक ग्राम पंचायतों में देखने को मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में जबाव देह को संरक्षण देकर बचा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में घोटाले मनमाने ढंग से चल रहे हैं जबकि सरकार, प्रशासन और विभागीय अमला किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं कर रही है जिसमें ठेकेदार के साथ हितग्राही का भी उतना ही दोष है।

# रमपुरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम संपन्न

**डिण्डौरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा विकासखण्ड अमरपुर के ग्राम पंचायत रमपुरी मे आयोजित कार्यक्रम मे भाजपा पदाधिकारीगण पहुॅचे ,सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन व कन्यापूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अवधराज बिलैया ने अपने उद्बोधन मे कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र मे भाजपा सरकार गरीब, शोषितों व वंचितों के कल्याण हेतु समर्पित है। जहॉ देश का गौरव विश्वपटल पर लगातार बढ़ रहा है वही सास्कृतिक विरासतों को प्रथमिकता के आधार पर प्रतिस्थापित होते हुए हम सब देख रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के प्रधानमंत्री बनते ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का बीड़ा उठाया। देश को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था, 5 ट्रिलियन इकॉनॉमी और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया। आज भारत क्लाइमेट चेंज और आतंकवाद पर जीरो टालरेंस के मामले में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। जी-20 समिट सारी दुनिया में भारत की संस्कृति, विकास और उसके भविष्य के प्रसार का माध्यम बन रही है। पहली बार जी-20 समिट देश के सभी राज्यों के 59 स्थानों पर हो रही है। 14 देशों ने प्रधानमंत्री मोदी जी को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया है। पहले की सरकारें टुकड़े-टुकड़े विकास पर विश्वास करती थीं। 20 हजार घर, 30 हजार शौचालय जैसे लक्ष्य हुआ करते थे। लेकिन प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने देश में पहली बार संपूर्ण सेचुरेशन का कांसेप्ट दिया। हर घर में शौचालय, हर जरूरतमंद माता-बहन को गैस कनेक्शन, हर घर में नल से जल जैसी योजनाएं संपूर्ण सेचुरेशन की ही उदाहरण हैं। संपूर्ण सेचुरेशन को हासिल करने के लिए ही मोदी सरकार ने प्रदेश के 80 लाख घरों में शौचालय बनाए हैं, तो 1.2 करोड़ प्रधानमंत्री अन्न योजना के कॉर्ड बनाए हैं। 10.87 लाख गैस सिलेंडर बांटे गए हैं। 42 लाख प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। 4000 कि.मी. नए राजमार्ग बनाए जा रहे हैं। रीवा, ग्वालियर और जबलपुर एयरपोर्ट का विकास हो रहा है, 35 रेल्वे स्टेशन विश्वस्तरीय बनाए जा रहे हैं। प्रदेश की विकास दर 16 प्रतिशत हो गई है और सिंचाई क्षमता 47 लाख हेक्टेयर पर पहुंच गई है। प्रदेश की 46 लाख बेटियां लाडली लक्ष्मी बन चुकी हैं। प्रदेश में 24 मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं और मेडिकल, इंजीनियरिंग तथा पॉलीटेक्निक की पढ़ाई हिंदी में शुरू कराई जा रही है। भोपाल और इंदौर शहरों में मेट्रो रेल का काम तेजी से चल रहा है। ओंकारेश्वर में 2400 करोड़ की लागत से आदि शंकराचार्य अद्वैत स्मारक बनाया जा रहा है, तो उज्जैन में महाकाल महालोक बनकर तैयार हो चुका है। मध्यप्रदेश सरकार ने आदिवासियों को उनके अधिकार देने के लिए पेसा एक्ट लागू किया है तथा जनजातीय इतिहास को संजोने के लिए संग्रहालय बनाए जा रहे हैं। जनजातीय क्रांतिवीरों और जननायकों की स्मृतियों को संजोने के लिए रेलवे स्टेशनों के नाम उनके नाम पर रखे जा रहे हैं। कार्यक्रम मे पूर्व जिला महामंत्री राजेन्द्र प्रसाद पाठक, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश धुमकेती, मण्डल अध्यक्ष कृष्णकुमार मिश्रा, वरिष्ठ नेता एवं सांसद प्रतिनिधि धोबीसिंह परस्ते, मण्डल महामंत्री अनिल साहू, रामसिंह मरावी, युवामोर्चा जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत मिश्रा सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहें।



# अनुकंपा नियुक्ति के लिए 8 साल से भटक रहा पीड़ित परिवार

### रोजगार न मिलने से भुखमरी के कगार पर पहुंचा पीड़ित परिवार

**बदरा/जमुना।**

कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जिसे कि मिनी रत्न और महारत्न कंपनी का दर्जा प्राप्त है और वह कोयले के उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभाने का दावा करती है उसके साथ में एसईसीएल सामुदायिक विकास के हर क्षेत्र में काम करके ढिंढोरा पीटने में पीछे नहीं रहती लेकिन इसकी हकीकत में जब जाएंगे तो हकीकत कुछ और ही है। ऐसा ही एक मामला एसईसीएल के अंतर्गत संचालित जमुना कोतमा क्षेत्र का है जहां 8 वर्षों से कालरी कर्मचारी का परिवार उसकी मृत्यु के उपरांत अनुकंपा नियुक्ति पाने के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है जिसे देखने और सुनने वाला कोई नहीं है। उस पीड़ति परिवार से कालरी के अधिकारी अनुकंपा नियुक्ति देने के एवज में मोटी रकम की मांग कर रहे हैं जिसे वह गरीब परिवार पूरा करने में असहाय है जिसके कारण उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है। ज्ञात हो कि स्वर्गीय राम प्रताप साहू उम्र 50 वर्ष निवासी श्रमिक नगर जिला अनूपपुर जोकी एसईसीएल गोविंदा क्षेत्र में कर्मचारी थे जिनकी मृत्यु 24 जुलाई 2015 को हो गई थी तब से लेकर आज तक मृतक राम प्रताप साहू का पुत्र विनोद कुमार साहू अनुकंपा नियुक्ति के लिए दर-दर की ठोकरे खा रहा है जबकि सारे दस्तावेज व घर परिवार का अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जमा कर दिया गया है लेकिन आज तक उसे अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई है। उसका परिवार दर-दर की ठोकरे खाने को विवश व दाने-दाने को मोहताज है

### पर्सनल ऑफिसर ने रोजगार के बदले मांगे 2लाख

पीड़ति विनोद कुमार साहू ने बताया कि पहले तो मुझे दस्तावेज मांगे गए और जब मैं दस्तावेज जमा कर दिया तब वहां पर पदस्थ पर्सनल मैनेजर ने मुझसे 2लाख की मांग की और कहा कि जब तक 2लाख नहीं दोगे तब तक तुम्हारी नौकरी नहीं लगेगी चाहे तुम कहीं भी चले जाओ। उस दौरान मेरी मां और बहन वहां पर मौजूद थी मैं मजदूरी करके अपने वह अपने परिवार का भरण पोषण करता हूं मेरी पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है मैं पिछले 8 वर्षों से जीएम ऑफिस के चक्कर काट कर परेशान हूं। पीड़ति विनोद कुमार साहू ने क्षेत्र के महाप्रबंधक, एसईसीएल के सीएमडी डायरेक्ट पर्सनल विजिलेंस विभाग कोल इंडिया के सचिव व कोल इंडिया के मंत्री से मांग किया है कि मुझ गरीब को अनुकंपा नियुक्ति दिलाया जाने की कृपा किया जाए साथ ही जो अधिकारी पैसों की मांग कर रहे हैं उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही किया जाए ताकि मेरा परिवार जीवन भरण पोषण कर सके। जमुना कोतमा क्षेत्र के एपीएम अजीत तोमर ने कहा कि विनोद कुमार साहू को कार्यालय भेजिए मैं दिखवा लेता हूं लेकिन जब विनोद कुमार साहू कार्यालय पहुंचा तो साहब ने फोन ही नहीं उठाया।

# आज होगी ब्राह्मण समाज सेवा समिति अनूपपुर की सामाजिक बैठक

**यज्ञोपवीत संस्कार, वर वधू सम्मेलन की रुपरेखा पर होगी चर्चा**

**अनूपपुर।** ब्राह्मण समाज सेवा समिति जिला अनूपपुर के अन्तर्गत आज दोपहर 1 बजे से पी.आर.टी.कालेज अनूपपुर (शासकीय तुलसी कालेज के बगल से) एक बैठक का आयोजन किया गया है जिसमे चारो तहसील राजेन्द्रग्राम, जैतहरी, कोतमा, अनूपपुर एवं जिले के समस्त पदाधिकारियों को सूचित किया गया है कि तहसील ईकाई के समस्त सदस्य/ विप्र बंधुओ, माताएं बहनो का आवश्यक बैठक जिला मुख्यालय अनूपपुर में किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें सभी विप्र बंधुओ की उपस्थिति हेतु निवेदन किया गया है। सभी विप्र अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम में अपना मार्गदर्शन दे एवं कार्यक्रम की बैठक के बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर आगामी रुप रेखा का निर्धारण कर समिति की योजना को सफल बनाने मे योगदान का निवेदन किया गया है। बैठक के मुख्य बिंदु मे जिले के अन्तर्गत सदस्यता अभियान के क्रियान्वयन में गति लाना। ब्राह्मण समाज सेवा समिति के बने साप्टवेयर से कार्यक्रम का संचालन करना। ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार, वर वधू सम्मेलन की रुपरेखा पर चर्चा। जिले/ तहसील ईकाईयो की मासिक बैठक तथा अन्य समाजिक कार्यों पर चर्चा होगी।

## खबर संक्षेप

### अवैध उत्खनन पर ट्रेक्टर ट्रालियाँ जब्त

**नरसिंहपुर** । जिले के ग्राम घाटपिपरिया नर्मदा नदी के घाट पर रेत के अवैध उत्खनन पर राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग ने संयुक्त कार्यवाही की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम घाट पिपरिया रेत खदान पर 5 ट्रालियां मिली। इन ट्रालियों को पुलिस थाना ठेमी में अभिरक्षा में रखी गयी है। पुलिस द्वारा अज्ञात में जप्ती बनाई गई है। जाँच के उपरांत रेत का अवैध उत्खनन का प्रकरण बनाया जा रहा है। संयुक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार नरसिंहपुर, थाना प्रभारी कोतवाली एवं स्टेशनगंज, उपनिरीक्षक ठेमी थाना, जिला खनि अधिकारी, प्रभारी खनि निरिक्षक अपने दल- बल के साथ मौजूद थे।

### सरस्वती विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी सम्पन्न

**नरसिंहपुर** । शनिवार को सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति की अनुशंसा से आयोजित उक्त गोष्ठी में कक्षा अरूण से द्वादश तक के अभिभावक गण ने कक्षा-कक्षों में पहुँचकर कक्षाचार्य के माध्यम से अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणाम प्राप्त किया तथा शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों से अवगत हुए। संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेन्द्र पटैल के मार्गदर्शन में आयोजित गोष्ठी में अभिभावक गण ने उपयोगी सुझाव व समस्याओं से अवगत कराया। उक्त गोष्ठी में 72 प्रतिषत अभिभावको ने उपस्थिति दी। विद्यालय परीक्षा प्रभारी श्रीमती रमा गुप्ता, ईश्वरदास बैरागी, श्रीमती संगीता नामदेव की कार्य योजना में आयोजित उक्त गोष्ठी में समस्त कक्षाचार्यो का सहयोग रहा।

### लड़की का पीछा करने वाले आरोपी को सजा

**नरसिंहपुर** । न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नरसिंहपुर श्रीमती रश्मिना चतुर्वेदी के न्यायालय द्वारा आरोपी आशीष कतिया उर्फ जानू, उम्र 19 वर्ष निवासी-ग्राम भटिया टोला महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड नरसिंहपुर, थाना कोतवाली, जिला नरसिंहपुर को धारा-11(4)/12 पाक्सो अधिनियम में 1 वर्ष का सश्रम कारावास, 2000/-रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया।

### एनपीपीसीडी के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न



**नरसिंहपुर** । मिुख्य चिकित्सक एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश बोहरे के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम जिले की समस्त नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम, आशा सुपरवाईजर का एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला प्रशिक्षण केन्द्र नरसिंहपुर एवं सिविल अस्पताल गाडरवारा में सम्पन्न हुआ। राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के अंतर्गत श्रवण संबंधी बीमारियों का सही समय पर पहचान कर बधिरता को प्रारंभिक उपचार हेयरिंग एंड स्पीच थेरेपी एवं ऑपरेशन के माध्यम से कैसे रोका जा सकता है, इससे होने वाली दिव्यांगता को 50 प्रतिशत कम किया जा सकता है। इस संबंध में व्यापक जानकारी मास्टर ट्रेनर ईएनटी चिकित्सक गाडरवारा डॉ. रेखा वर्मा, डॉ. कमलेश ठाकुर, डॉ. शुभेन्द्र झारिया, डॉ. आकांक्षा भनारिया, डॉ. रिम्पी ठाकुर एवं राकेश लोधी आडियोलॉजिस्ट के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान कियाग या। प्रशिक्षण में सीएमएचओ डॉ. बोहरे ने राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करने और प्रशिक्षुओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### नहीं रही पुष्पा देवी नायक

**करेली**। गत दिवस नगर करेली निवासी मोहन प्रसाद नायक ( निलेश ट्रेंड्स) की धर्मपत्नी एवं नीलेश नायक की माताजी श्रीमती पुष्पा देवी का स्वर्गवास हो गया है । मोहन प्रसाद नायक श्रीअयोध्या वासी वैश्य समाचार पत्र के मुख्य संरक्षक हैं। श्रीमती पुष्पा देवी अत्यंत धर्म परायण और सरल स्वभाव की महिला थी। जिनकी शवयात्रा शनिवार को अन्त्येष्टि कार्य मुक्तिधाम करेली में सम्पन्न हुआ ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रहा लाभ

## कृषि विभाग ने किया ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का प्रदर्शन

केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के आज में पहुँचने पर किसानों के समक्ष ड्रोन से फसलों पर नैनो यूरिया और कीटनाशकों के छिड़काव का प्रदर्शन जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत तिन्दनी में किया गया।







हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ने शनिवार को जिले की 14 ग्राम पंचायतों का भ्रमण किया। ग्राम पंचायतों में यात्रा के दौरान केंद्र शासन की योजनाओं से जुड़े विभागों द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाकर बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी। इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये पात्र हितग्राहीयों का पंजीयन किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन भी किया गया। यात्रा के साथ पहुँचे प्रचार रथ की एलईडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के सन्देश का प्रसारण किया और स्थानीय नागरिकों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी साझा किये।

### ड्रोन से नैनो यूरिया छिड़काव का बताया उपयोग

कार्यक्रम के दौरान किसान कल्याण तथा कृषि विभाग ने प्रधानमंत्री प्रणाम योजना अंतर्गत प्राकृतिक खेती के महत्व और उसकी उपयोगिता के बारे में कृषकों को जानकारी दी। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने प्रोत्साहित किया। प्रदर्शन के दौरान मौजूद किसानों को बताया गया कि ड्रोन से नैनो यूरिया का छिड़काव फसल पर एक साथ अपना प्रभाव दिखाता है और फसल पुष्ट होती है। इसके साथ-साथ श्रम एवं समय की भी बचत होती है। इस अवसर पर मृदा स्वस्थ्य कार्ड के महत्व और उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। उन्नत तकनीक से फसल लेने के तरीके बताये।

### विधायकगण, जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण हो रहे शामिल

केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों की 14 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में 5747 लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। आयोजित कार्यक्रमों विधायक, जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण भी शामिल हुए। विधायक गाडरवारा श्री राव उदय प्रताप सिंह ग्राम पंचायत बांसखेड़ा और विधायक गोटेगांव महेन्द्र नागेश ग्राम पंचायत कमती में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये। विधायकों ने शिविरों में आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना तथा बैंकों से जुड़ी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, अटल पेंशन योजना एवं अटल पेंशन योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को अवगत कराया।

### ग्रामीणों को मिला रहा योजनाओं का लाभ

शिविरों के दौरान स्थानीय नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों की ई-केवायसी करने, आधार लिंकिंग, आधार अपडेशन एवं आधार रजिस्ट्रेशन के लिये भी स्टॉल लगाये गये थे। इसके साथ ही यात्रा के साथ चल रहे प्रचार रथ से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण किया गया। लोगों को भारत को विकसित बनाने का संकल्प भी दिलाया गया। केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों ने अपने अनुभव भी सुनाये। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिले में लगाये गये शिविरों के माध्यम से 315 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग, 32 लोगों की सिकल सेल स्क्रीनिंग, 33 लोगों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण, 160 हितग्राहियों का प्रधानमंत्री उज्वला योजना 2.0 के तहत रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस दौरान 4757 लोगों ने संकल्प लिया। प्राकृतिक खेती करने वाले 132 किसानों से बात कर अन्य किसानों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान 10 हितग्राहियों ने मेरी जुबानी- मेरी कहानी सुनाई और अन्य पात्र हितग्राहियों को केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

# सामाजिक समरसता व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ कम्युनिटी लन्च का आयोजन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

शनिवार को एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा सामाजिक समरसता एवं गाँधी दर्शन को आत्मसात करते हुए कम्युनिटी लन्च का आयोजन किया गया। समन्वय परिवार नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्व धर्म सम भाव को चरितार्थ करते हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने समाज में समरसता एवं भाईचारे का आदर्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन समन्वय परिवार के अध्यक्ष डॉ. सुधीर सिंघई के मुख्य अतिथ्य एवं फादर एन्टो की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में रोटरी क्लब नरसिंहपुर के अध्यक्ष मनीष जैन एवं एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर के चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी की विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति रहीं। मुख्य अतिथि डॉ. सिघई ने अपने उद्बोधन में गाँधी दर्शन की प्रसंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किये। फादर एन्टो ने समन्वय परिवार की मूल अवधारणा पर प्रकाष डालते हुए अपनी शुभकामनाऐं प्रेषित की। चेयरमेन इंजी. रूद्रेष तिवारी ने कम्यूनिटी लन्च जैसे आयोजन को वर्तमान परिपेक्ष्य में समरसता का सषक्त माध्यम निरूपित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने अपने स्वागत उद्बोधन में आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से समाज में समरसता कायम रखने की अपील की। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्ज्वलन एवं सरस्वती पूजन से किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के क्रम में बरेदी लोकनृत्य की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र रही। इसके साथ ही समूहगान, युगल नृत्य तथा लाठनृत्य के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट कला का प्रदर्षन किया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉ. पराग नेमा द्वारा आभार तथा सहा. प्राध्यापक श्रीमती आराधना दुबे द्वारा मंच संचालन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ साहित्यकार अजय तुलसी, कवि अषोक त्रिपाठी, रोटे. संजय मानसाता, रोटे. आलोक भरद्वाज, आकाश ठाकुर, स्टॉफ मेम्बर्स, एन.सी.सी. केडिट्स एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।




# मां नर्मदा की परिक्रमा पर निकले यात्री

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां नर्मदा परिक्रमा के लिए गांधी चौक नरसिंहपुर से बस रवाना की गई। इस बस में 60 यात्री मां नर्मदा की परिक्रमा करेंगे। समाजसेवी मनीष जाट काका ने 15 दिवसीय यात्रा के लिए यात्रा निशुल्क की है। गांधी चौक से बस मां नर्मदा तट बरमान पहुंची। यहां पर मनीष जाट सहित उनके अन्य सहयोगी साथियों ने यात्रियों का स्वागत किया और सभी के साथ सामूहिक पूजा कर प्रसादी के पश्चात बस रवाना की। यात्रा में शामिल शोभाराम विश्वकर्मा, श्रीमती संध्या बाई, डालचंद पटेल, श्रीमती मुन्नी बाई, बद्री प्रसाद , रोहित कुमार, सुरेश साहू आदि यात्रियों ने बताया कि समाजसेवी मनीष जाट द्वारा हमेशा जरूरतमंदों के लिए सहयोग किया जाता है इस यात्रा में हम सब लोग जरूरतमंद हैं जो कभी मां नर्मदा की परिक्रमा बस से संभवत नहीं कर पाते। सभी यात्रियों ने समुचित व्यवस्था के साथ यात्रा करने के लिए श्री जाट के प्रति आभार व्यक्त किया है। उक्त मौके पर पंकज नेमा, भैयाजी जाट, उदय नारायण यादव , प्रकाश चोकसे, नीलेश जाट के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोग मौजूद थे।

# एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर ममता शर्मा के निर्देशन में एचआईवी एड्स जागरूकता लाने हेतु रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जिला एड्स नियंत्रण समिति नरसिंहपुर से काउंसलर तथा विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में जिला कलेक्ट्रेट के अधिकारी उपस्थित रहे राशियों छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर जीएस मर्सकोले एवं छात्र इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर जोशना झरिया के मात्रक मार्गदर्शन में एवं दलनायक देवांश पचौरी एवं डालनाई का शिखा वर्मा के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मानस गुप्ता द्वितीय स्थान नेहा चौधरी एवं तृतीय स्थान बृजेश चौधरी ने प्राप्त किया रंगोली प्रतियोगिता के अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के द्वारा नाटक एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुति की गई इस कार्यक्रम में रासेयो वरिष्ठ स्वयंसेवक रोहित सिंह गोंड, गणेशराज जाटव,राशिका चौरसिया ,श्रुति गुप्ता,पलक गुप्ता अंजना जाटव , रोशनी चौधरी , मानस गुप्ता , देवांश पचौरी , रोहित नौरिया, साक्षी पाठकर , प्रिया सिंह ठाकुर एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे ।

# कार्मेल स्कूल मे हर्षोल्लास से मनाया क्रिसमस डे

हरिभूमि न्यूज - करेली।




नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कार्मेल विद्यालय में ग्रैंड पेरेंट डे प्राचार्य दिवस एवं क्रिसमस डे का संयुक्त रूप से हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजकुमार चौकसे सेवानिवृत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रहे । कार्यक्रम का आरंभ प्रार्थना नृत्य के साथ हुआ इसके बाद प्राचार्य फादर वर्गिस अपने स्वागत भाषण में सभी पधारे हुए दादा.- दादी एवं अतिथियों का हृदय से स्वागत किया। कक्षा नर्सरी से तीसरी तक के नन्हे मुन्ने प्यारे बच्चों ने नाटकए बधाई नृत्य आदिवासी नृत्य मूक नाटक, मणिपुरी नृत्य, अनुपयोगी की वस्तुओं से तैयार परिधानों का फैशन शो आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में लकी ड्रा के माध्यम से शिक्षकों वाहन चालकों विद्यार्थियों को उपहार प्रदान किए गए। प्राचार्य फादर वर्गिस ने स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। कार्मेल परिवार के स्टाफ की ओर से प्राचार्य दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य वर्गिस को सप्रेम उपहार प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से सभी पधारे हुए दादा-दादी जी को श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन नन्हे - मुन्ने बच्चों के द्वारा ही किया गयाए कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। प्राचार्य फादर वर्गिस ने सभी विद्यार्थियों अभिभावकों एवं शिक्षकों को क्रिसमस एवं नए वर्ष की शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

# ना बिजली ना पानी फिर भी हो गया लोकार्पण, अब हैंडओवर को दबाब बना रहे ठेकेदार



**तेंदूखेड़ा**- तहसील मुख्यालय तेंदूखेड़ा में लगभग 6.40 करोड की लागत से बनीं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के साथ साथ 7 आवासीय परिसर में बिजली पानी की व्यवस्था हुये बगैर ही,आचार संहिता लागू होने के पूर्व उसका वर्चुअल लोकार्पण हो गया था। लोकार्पण के बाद से संबंधित ठेकेदार भवन और आवासीय परिसर को हैंडओवर लेने के लिए संस्था प्रमुख पर दबाव बना रहे हैं। गुणवत्ता को ताक पर रखकर आनन फानन बनें इस भवन की स्थिति यह है कि बगैर तराई के ही यह भवन बन गया है जहां तहां से दरार मारने की स्थिति में नाकामी दबाने के लिए पुट्टी से इन दरारों के मुंह बंद कर दिये गये हैं जो अपनी गुणवत्ता की स्वयं कहानी बया ना कर सकें।

**'शुरू होनी है छः ट्रेंडे'**- ट्रायसेम योजना के तहत वर्ष 1998-99 में लगभग 28 लाख रुपए की लागत से बनीं मिनी आई टी आई में जगह की कमी पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध ना होने की स्थिति में प्रशिक्षण पाने वाले छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए यहां पर विगत वर्षों में लगभग छः करोड़ से अधिक की राशि में छः ट्रेडे प्रारंभ करने भवन बना है। जिसमें फिटर,बेल्डर,स्टेनो,कोपा, तथा इलेक्ट्रीशियन की तीनों इकाईयों को प्रारंभ किया जाना है। भविष्य में सोलर पैनल पर भी विचार किया जा सकता है।

**'आवासीय परिसरों में नहीं बनें रेंप'**- आई टी आई भवन के साथ साथ 7आवासीय क्वार्टर भी बनाये गये हैं इन आई टाइप और एच टाइप क्वार्टरों में कर्मचारियों की सुविधा की दृष्टि से छोटे बाहन रखने की स्थिति में रैंप की व्यवस्था ना होने के साथ आवासीय परिसर में नलों के कनेक्शन तो कर दिये गये हैं लेकिन पानी कहां से आयेगा शोभा रुपी पानी की टंकियों में पानी कहां से भरायेगा यह अभी तक सुनिश्चित नहीं हुआ है। और ना ही चैनल गेट लगाये गये हैं।इन परिसरों में पीछे तरफ पेवर ब्लॉग भी नहीं लगाये गये हैं।केवल एक जगह लाकर रख दिए गए हैं।

**'नहीं है इंटरनेट की व्यवस्था'**- सबसे बड़ी विसंगति पूर्ण यहां पर यह बनी हुई है कि जब से यह संस्था प्रारंभ हुई है इसमें अभी तक इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है।कोपा का प्रशिक्षण पाने वाले छात्रों को इंटरनेट सुविधा होनी आवश्यक है ।